**17** सीटों पर नामांकन के लिए आज है अंतिम दिन। तीसरे चरण में झारखंड की इन सीटों पर 12 दिसंबर को मतदान होना है। नामांकन पत्रों की 26 नवंबर को जांच होगी, जबकि 28 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।




# अयोध्या पर फैसला मानने के लिए राजनाथ सिंह ने अल्पसंख्यकों को कहा-शुक्रिया

**चुनावी सभा** ▶ रक्षा मंत्री ने झारखंड में कहा-अयोध्या में बनेगा दुनिया का भव्य राममंदिर

**जेएनएन, पलामू**

'विरोधी कहते थे भाजपा राम जन्मभूमि का समाधान नहीं चाहती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया। पूरे देश विशेष कर अल्पसंख्यक समुदाय ने फैसले को सम्मान दिया। मैं मुस्लिम नेताओं और भाइयों का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का फैसला माना। अब वहां विश्वस्तरीय भव्य राममंदिर बनेगा।' यह बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को झारखंड के गढ़वा में चुनावी सभा के दौरान कहीं। वह यहां स्थानीय भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी को देश की चिंता है, वोट की चिंता नहीं। देश को परम वैभव पर पहुंचाना हम सभी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह हमारे संकल्प की ही शक्ति है कि तीन तलाक से अल्पसंख्यक महिलाओं को मुक्ति दिलाई जा सकी। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा करते हुए एक देश में दो निशान, दो विधान व दो प्रधान समाप्त करते हुए भाजपा की मजबूत सरकार ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाया।

**2022 तक सभी को पक्का मकान** : रक्षामंत्री ने कहा कि 2022 तक देश में सभी को पक्का मकान देने का काम पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही सभी घरों में नल से शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। कहा, किसी को विश्वास नहीं था कि मोदी सरकार घर-घर शौचालय बनाएगी। पूरे भवनाथपुर विधानसभा में ही 70 हजार शौचालय का निर्माण कराकर हमारी सरकार ने महिलाओं को इज्जत देने का काम किया। हमने कभी झूठ बोलकर वोट नहीं मांगा, विकास गिनाकर वोट मांगा हूं। हिसाब पक्का है, इसलिए विश्वास है कि आप भवनाथपुर में निश्चित तौर पर कमल खिलाएंगे।



पलामू जिले के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडू में रविवार को आयोजित चुनावी सभा में बोलते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। जागरण

## राष्ट्र विरोधी ताकतों को बल देती रहीं पिछली सरकारें : स्मृति ईरानी

**जासं, गढ़वा** : गढ़वा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद भाजपा व नरेंद्र मोदी की सरकार ने राष्ट्र निर्माण व सभी वर्गों के सम्मान देने तथा साथ लेकर चलने की योजना पर कार्य कर रही है। पिछली सरकारें राष्ट्र विरोधी ताकतों को बल देने वाला कार्य करती रही हैं। इसी कारण देश का विकास नहीं हो सका। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विरोधियों के झांसे में नहीं आएं। वह सभी अपने घर में तिजोरी भरने के लिए आप सभी को भ्रम में डालकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार सभी वर्ग के उत्थान चाहती है।

## बंगाल में तीन विधानसभा सीटों पर मतदान आज

**जासं, कोलकाता** : बंगाल में विधानसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव को सोमवार को मतदान है। 28 नवंबर को मतगणना होगी। इन तीनों ही सीटों पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन कांग्रेस व माकपा गठबंधन तृणमूल और भाजपा के लिए चुनौती पेश कर सकते हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका है जब एक बार फिर से सत्तारूढ़ तृणमूल और भाजपा एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। जिन तीन सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं उनमें से एक-एक पर तृणमूल, भाजपा और कांग्रेस का कब्जा है। जिन सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें पश्चिम मेदिनीपुर जिले की खड़गपुर सदर, नदिया जिले की करीमपुर व उत्तर दिनाजपुर की कालियागंज सीटें शामिल हैं। कालियागंज सीट कांग्रेस विधायक प्रमथनाथ राय के निधन से खाली हुई है। खड़गपुर सीट से पिछली बार विधायक चुने गए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। करीमपुर की तृणमूल विधायक महुआ मैत्रा ने भी कृष्णनगर संसदीय सीट से जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था।

**अग्निपरीक्षा से कम नहीं** : उपचुनाव में भाजपा की जीत किसी चुनौती से कम नहीं होगी। क्योंकि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम व दलितों की आबादी बहुलता में है। इन क्षेत्रों के ज्यादातर दलित शरणार्थी हैं, जिनके पूर्वज 1971 में मुक्ति युद्ध के दौरान तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान यानी बांग्लादेश से भाग कर भारत आए थे। दूसरी ओर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि वे राज्य में एनआरसी लागू करने को प्रतिबद्ध हैं।

# बाबुल और मुकुल ने तृणमूल से मुक्त कराया भाजपा कार्यालय

**जागरण संवाददाता, आसनसोल**

केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो व भाजपा के केंद्रीय सचिव मुकुल राय ने रविवार को आसनसोल के गौरांडी हाटतल्ला कार्यालय को कब्जा मुक्त कराया और भाजपा का झंडा भी फहराया। इस दौरान आसनसोल से लेकर गौरांडी व कांटापहाड़ी तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात थी। सप्ताह भर पूर्व ही बाराबनी के गौरांडी हाटतल्ला, कांटापहाड़ी और जामग्राम स्थित भाजपा के तीन कार्यालयों को कथित रूप से तृणकां कार्यकर्ताओं द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। बाद में उक्त कार्यालयों पर कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस ने कब्जा भी जमा लिया। इसके बाद से ही भाजपा कार्यकर्ताओं में दहशत व्याप्त था। सभी को केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद बाबुल सुप्रियो के आने का इंतजार था।

रविवार को यहां भाजपा कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सुबह से ही जमे हुए थे। दोपहर करीब एक बजे केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो, भाजपा नेता मुकुल राय और युवा नेता शंखदेव पांडा के पहुंचने के बाद विशाल वाहन जुलूस लेकर सभी गौरांडी हाटतल्ला पहुंचे। मंत्री का काफिला सीधे हाटतल्ला स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचा। वहां क्षतिग्रस्त कार्यालय का हाल देखने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं से विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो व मुकुल राय ने भाजपा का झंडा फहराकर कार्यालय को पुनर्स्थापित किया। मुकुल राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा - 'मैंने तृणमूल कांग्रेस में ममता के साथ रहकर जो गलती की है, आज उसका प्रायश्चित करने आया हूं।'

मुकुल राय ने कहा, ममता की चक्करघिन्नी की तरह घूम रही हैं। एक जगह बैठ नहीं पा रही हैं, उन्हें लगता है कि कोई उनकी कुर्सी उठा ले जा रहा। कहा कि अब वैसे भी सिर्फ एक ही वर्ष ममता सरकार बची है। मुकुल ने भाजपा कार्यालय तोड़े जाने को लेकर बाराबनी थाना प्रभारी को भी लपेटे में लेते हुए कहा कि एक वर्ष बाद जब भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी तो थाना प्रभारी के रुपयों से ही पुनः कार्यालय निर्माण कराया जाएगा।

**जोतो भांगबे तोतो हारबी**

केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने हाटतल्ला में उपस्थित लोगों को संबोधित करने के दौरान तृणमूल कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि जोतो भांगबी तोतो हारबी यानी जितना कार्यालय तोड़फोड़ करोगे उतना ही हारोगे। बाबुल सुप्रियो ने कहा कि पुलिस के दम पर तृकां के गुंडा वाहिनी अत्याचार चला रही है। लेकिन जिस दिन सत्ता से बाहर हुए पुलिस नहीं रहेगी तब पता चलेगा। पहले भी आसनसोल में भाजपा के कार्यालय तोड़े गये और झंडा जलाये गये लेकिन वहां उल्टा हुआ और भाजपा का ही वोट बढ़ा।

# शिवसेना के नेता नरेंद्र पाटिल ने की अजीत पवार से मुलाकात

**मुंबई, एजेंसियां** : शिवसेना नेता नरेंद्र पाटिल ने रविवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार से मुलाकात की। मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताते हुए पाटिल ने कहा कि हर कोई स्थिर सरकार चाहता है। वहीं, शिवसेना प्रमुख ठाकरे और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की एक होटल में मुलाकात हुई। उसी होटल में राकांपा के विधायक रखे गए हैं।

नरेंद्र पाटिल ने यहां पत्रकारों से कहा, 'अजीत पवार ने अपना मत स्पष्ट कर दिया है। मैं और भाजपा एमएलसी निरंजन दवखरे ने उनसे मुलाकात की, क्योंकि चुनाव के बाद उनसे भेंट नहीं हुई थी...जो भी सही निर्णय होगा वह लेंगे...मैं बस यह कह सकता हूं कि हर कोई स्थिर सरकार चाहता है ताकि किसानों की सस्याओं और अन्य मुद्दों का समाधान हो।'

वहीं, शरद पवार और उद्धव ठाकरे की रेनेसां होटल में मुलाकात हुई। टूट-फूट से बचाने के लिए इसी होटल में राकांपा के 46 विधायकों को रखा गया था। दोनों नेताओं ने विधायकों से अब तक के हालात पर चर्चा भी की। बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। बाद में आदित्य ठाकरे ने बैठक से संबंधित कुछ फोटो भी ट्वीट किए। देर शाम सुरक्षा कारणों से सभी 46 विधायकों को छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास स्थित हयात होटल में शिफ्ट कर दिया गया।

राकांपा के विधायकों को जिस होटल में रखा गया है, वहां सादी वर्दी में दो पुलिसकर्मियों को देखकर पार्टी के नेता और विधायक भड़क गए। विधायक जितेंद्र अवाद और कुछ नेताओं की पुलिसकर्मियों से बहस भी हुई। नेताओं ने उनके होटल आने का कारण पूछा और उनसे पहचान पत्र भी मांगे।

**'महाराष्ट्र में एनसीपी सरकार बनवाए तो केंद्र में भी पद'**

**जासं, कानपुर** : महाराष्ट्र में जारी सत्ता की खींचतान के बीच एनडीए के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने अब एनसीपी के लिए केंद्र सरकार में भागीदारी की पेशकश की है। कानपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर एनसीपी भाजपा को महाराष्ट्र में सरकार बनाने में मदद करती है तो उसके दो सांसदों को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। वह पार्टी की जनाधिकार रैली को संबोधित करने आए थे।

## घोषणापत्र में कांग्रेस, राजद ने किसानों और पिछड़ों को साधा

**राज्य ब्यूरो, रांची** : झारखंड विस चुनाव के लिए कांग्रेस और राजद दोनों ने रविवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में तमाम उन सफल फॉर्मूलों को शामिल किया है, जिसकी बदौलत पार्टी को पंजाब से लेकर छत्तीसगढ़ तक में सफलता मिली। किसानों की ऋण माफी, पारा शिक्षकों और आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय बढ़ाना, बेरोजगारी दूर करने, बेरोजगारी भत्ता देने के साथ-साथ बिजली-पानी पर महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। किसानों को दो लाख रुपये तक के ऋण माफ किए जाएंगे और किसानों को उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। घोषणापत्र के माध्यम से पार्टी ने आदिवासियों, किसानों और महिलाओं को साधने का प्रयास किया है तो अल्पसंख्यकों पर खास नजर है।

**गरीबी उन्मूलन राजद की प्राथमिकता** : राष्ट्रीय जनता दल घोषणापत्र के अनुसार राजद पिछड़ों को जहां 27 फीसद आरक्षण देगा, वहीं अल्पसंख्यकों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्र और सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू कराएगा। इसी के सापेक्ष अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से जुड़े मुद्दों का समाधान कर उनकी आकांक्षाओं को नया आयाम देगा। गरीबी उन्मूलन और बेरोजगारी दूर करना राजद की प्राथमिकता होगी।

# विश्वविद्यालयों में शोध में निवेश सुनिश्चित करें राज्यपाल और उपराज्यपाल : मोदी

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्यपालों से कहा कि विश्वविद्यालयों के चांसलर होने के नाते उन्हें उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध कार्यों में पर्याप्त निवेश सुनिश्चित करना चाहिए, जिससे स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यहां राज्यपालों और उपराज्यपालों के 50वें वार्षिक सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने उक्त टिप्पणी की। आदिवासी क्षेत्रों के विकास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने तकनीक के समुचित उपयोग और खेल व युवा विकास के क्षेत्र में प्रगितिशील योजनाओं को अपनाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने राज्यपालों का छात्रों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। नई शिक्षा नीति और प्रभावकारी नवाचार के क्षेत्र में भी मोदी ने राज्यपालों की भूमिका का उल्लेख किया।

**लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए काम कर रही सरकार** : राज्यपालों के सम्मेलन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान जल, शिक्षा और कृषि क्षेत्र पर है। शाह ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य ध्यान आदिवासियों के कल्याण और पानी, शिक्षा और कृषि से संबंधित मुद्दों पर था। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर राज्यपालों के सम्मेलन की कुछ तस्वीरें भी साझा की।

**केंद्र-राज्यों के बीच राज्यपाल व उपराज्यपाल अहम कड़ी** : इससे पहले, सम्मेलन के समापन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए राज्यपाल और उप राज्यपाल सबसे अहम कड़ी हैं। उन्हें इस आम धारणा को खत्म करने के लिए कोशिश करनी चाहिए कि राज्यपालों का पद औपनिवेशिक विरासत का भार है।



राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों एवं उपराज्यपालों के 50 वें सम्मेलन के समापन अवसर पर संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उपराष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे। एएनआइ

## हापुड़ में दुल्हनों की विदाई के समय अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

**जागरण संवाददाता, हापुड़** : उप्र के हापुड़ स्थित थाना धौलाना क्षेत्र के गांव नंगला उदयरामपुर में रविवार शाम शादी समारोह में उस समय भगदड़ मच गई, जब दो दुल्हनों की विदाई के समय हथियार बंद हमलावरों ने धावा बोल दिया और दूल्हों के सगे चाचा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से उनकी मौके पर मौत हो गई। जबकि वहां मौजूद सात लोग घायल हो गए। वारदात के बाद हमलावर हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। एसपी सहित कई पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हैं।

गांव नंगला उदयरामपुर निवासी विजय सिंह ने अपनी पुत्री आरती व ज्योति की शादी फरीदाबाद क्षेत्र के गांव अनंगपुर निवासी देवेंद्र के पुत्र सचिन और सागर के साथ तय की थी। रविवार सुबह बरात नंगला उदयरामपुर में पहुंचीं। शाम के समय दुल्हनों की विदाई की रस्म अदा की जा रही थी। इस दौरान हथियार बंद हमलावर मौके पर पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावरों ने दूल्हों के चाचा प्रॉपर्टी डीलर सुधीर पर फायरिंग कर दी। जिससे उनकी मौत हो गई। फायरिंग होता देखकर जान बचाने के लिए लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान गोली लगने से कई लोग घायल हो गए।

## सोन चिरैया के लिए बिजली के तारों को भूमिगत करने पर विचार करें : सरकार

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : दुर्लभ और विलुप्तप्राय पक्षी सोन चिरैया (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) को बचाने के लिए केंद्र सरकार ने कंपनियों को उच्च क्षमता वाले बिजली के तारों को भूमिगत करने पर विचार करने को कहा है। इन तारों के संपर्क में आने से सोन चिरैया की मौत हो जाती है।

चिंताजनक है कि भारत में सोन चिरैया की आबादी अब 150 से भी कम रह गई है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के निर्देश पर गठित एक समिति ने पक्षियों की रक्षा के उपायों के क्रियान्वयन पर समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का फैसला किया है। समिति ने यह भी फैसला किया है कि सोन चिरैया के रहने वाले स्थानों को संरक्षण क्षेत्र घोषित किया जाएगा। वन महानिदेशक व पर्यावरण मंत्रालय के विशेष सचिव सिद्धांत दास ने बताया कि सोन चिरैया के संरक्षण पर काम शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि देश में जितनी संख्या में सोन चिरैया बचे हैं, उनमें 90 फीसद राजस्थान और गुजरात में पाए जाते हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी इन्हें इक्का-दुक्का देखा जा सकता है। पाकिस्तान में तो इन पक्षियों की संख्या 15 के आसपास रह गई है।

# आयुष्मान भारत के तहत इलाज में अफसरों की जेब सेहतमंद

**जागरण संवाददाता, कानपुर**

जरूरतमंद व गरीबों के लिए आयुष्मान भारत (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) योजना में इलाज के नाम पर अफसरों की जेब सेहतमंद हो रही है। खरीद के नियमों को धता बताते हुए कानपुर स्थित लाला लाजपत राय अस्पताल (हैलट) में दस गुना अधिक कीमत पर इंजेक्शन खरीदकर उसका भुगतान भी करा लिया गया। जो इंजेक्शन हैलट में 135 रुपये में उपलब्ध है, उसे बाहर से 1456 रुपये में खरीदा गया। लाभार्थियों और चिकित्सकों की तरफ से दवा न मिलने की शिकायत पर हैलट के प्रमुख अधीक्षक (एसआइसी) ने भुगतान के बिलों की जांच की, तब इस खेल से पर्दाफाश हुआ। अब आयुष्मान योजना के तहत किए गए सभी भुगतान में दवाओं की खरीद के बिल की जांच होगी।

आयुष्मान योजना के लाभार्थी मरीज हों या उनका इलाज करने वाले चिकित्सक या जूनियर रेजीडेंट, लगातार दवा न मिलने की शिकायत एसआइसी से कर रहे थे। यह शिकायत उन दवाओं के लिए भी हुई, जो औषधि भंडार में सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। इस पर प्रमुख अधीक्षक के कान खड़े हुए। उन्होंने एक माह पूर्व आयुष्मान भारत के नोडल अफसर डॉ. एसके सिंह को पत्र लिखकर दवाओं की मूल्य सूची मांगी।


एसआइसी के मुताबिक, डॉ. एसके सिंह ने सूची मुहैया नहीं कराई, उल्टा नियमों का हवाला देकर हैलट से दवाएं लेने की बाध्यता न होने की बात कह पल्ला झाड़ने लगे।

'एक अस्पताल में दो व्यवस्था नहीं हो सकती। हैलट में सस्ती दवाएं उपलब्ध हैं तो बाहर से महंगी दवा खरीदने का औचित्य समझ से परे है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

**- प्रो. आरके मौर्या, प्रमुख अधीक्षक, एलएलआर अस्पताल।**

''आयुष्मान में अलग खाता खोलना था, इसलिए दूसरा खाता खोला। बगैर सत्यापन के भुगतान तो रूटीन में है। यह सभी के संज्ञान में है।

**डॉ. एसके सिंह, नोडल अफसर, आयुष्मान**



**श्रीहरिकोटा में तैयारियां शुरू...**

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पोलर सैटेलाइट लांच करने की तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को लांच व्हीकल पीएसएलवी-सी47 को लांचिंग स्टेशन तक ले जाया गया। सैटेलाइट 27 नवंबर को सुबह लांच होगा। प्रेट्र

## एनटीपीसी के अंदर पहुंचा संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक

**जागरण संवाददाता, रायबरेली** : एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में सुरक्षा को लेकर बड़ी चूक सामने आई है। कोयले की रैक के साथ एक संदिग्ध एनटीपीसी के अंदर पहुंच गया। संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक बताया गया है। सुरक्षा बलों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

आतंकी निशाने पर देश के बड़े औद्योगिक संस्थान हैं। इस बारे में खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद ऊंचाहार एनटीपीसी संयंत्र की भी सुरक्षा कड़ी की गई है। समय-समय पर सुरक्षा को लेकर अधिकारी दिशा निर्देश भी दिया करते हैं। इसी दौरान रविवार को सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लग गई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे झारखंड से कोयले की आपूर्ति लेकर आई मालगाड़ी के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति संयंत्र क्षेत्र के अंदर घुस गया। मालगाड़ी जब संयंत्र क्षेत्र के कोल हैंडलिंग प्लांट के अंदर पहुंची तो रैक में उस व्यक्ति को देखकर लोग दंग रह गए। सीआइएसएफ जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। सूत्रों का कहना है कि इसके पास से पासपोर्ट और वीजा भी मिला है। जिसमें उसका नाम वाजेद अली निवासी बिलसबारी, बदलगांछी नाओगाओं बांग्लादेश लिखा है।

**मील का पत्थर**

एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य ने शुरू की 'आशियाना योजना', कॉलेज परिसर के पुराने पेड़ों की टहनियों पर लगाए घोंसले

# शुरू हुई पक्षियों को संरक्षित करने की योजना

**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर**

लगभग बीस साल पहले सुबह में लोगों की नींद चिड़ियों की चहचहाने की आवाज से खुलती थी। खासकर गौरैयों की आवाज सुनकर। आज गौरैयों की तादाद इतनी कम है कि उनकी आवाज सुनना और दर्शन पाना दुर्लभ है। अब उन्हें संरक्षित करने की मुहिम की शुरुआत झारखंड के जमशेदपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल (एलबीएसएम) कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने की है।

सिंह ने अपने द्वारा किए जा रहे प्रयास से कॉलेज के छात्रों को भी जोड़ा है। रविवार को कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति शुक्ला महांती ने 'आशियाना योजना' की शुरुआत की। वैसे योजना की शुरुआत से पहले ही उन्होंने अपने पैसे से कॉलेज परिसर के पुराने पेड़ों की टहनियों पर वाटरप्रूफ प्लाईवुड से बने घोंसले लगवाए थे। अब इसे व्यापक रूप दिया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास से हम जैव विविधता को संरक्षित कर सकते हैं। आज गौरैया जैसी पक्षी लुप्त होती जा रही है, यह सभी के लिए चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि यह प्रारंभिक चरण है। साथ ही बताया कि यह घोंसला पूरी तरह वाटरप्रूफ प्लाईवुड से बना हुआ है। पेड़ में लगाने के लिए कांटी का इस्तेमाल नहीं किया गया। उसे तार से बांधा गया। उन्होंने उम्मीद जताई कम से कम गौरैया व बुलबुल इन घोसलों में अपना आशियान बनाएंगे।

हर घोंसले की देख-रेख की जिम्मेदारी एक छात्र को दी जाएगी। वह समय-समय पर रखरखाव की जानकारी योजना को क्रियान्वित करने वाली टीम को देंगे। साथ ही एक अंतराल पर समीक्षा भी की जाएगी। एलबीएसएम कोल्हान विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज है, जहां जैव विविधता संरक्षण पर कार्यक्रम की शुरुआत की है।



जमशेदपुर के एलबीएसएम कॉलेज में आशियाना योजना के उद्घाटन के मौके पर रखे गए प्लाईवुड से बने घोंसले। इसका मकसद गौरैयों की तादाद बढ़ाना है। जागरण

## छग सरकार का यूटर्न, कहा-आदिवासी महोत्सव के लिए पाक को नहीं दिया न्योता

**नईदुनिया, रायपुर** : छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव के लिए पाकिस्तान को न्योता दिए जाने के मामले में यूटर्न ले लिया है। संस्कृति विभाग ने रविवार को एक लिखित स्पष्टीकरण जारी किया है। इसमें कहा गया है कि महोत्सव के लिए पाकिस्तान को कोई न्योता नहीं भेजा गया है। राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक रायपुर में प्रस्तावित है। अपनी तरह के इस पहले आयोजन में देश के सभी राज्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य के मंत्री अलग-अलग राज्यों में जाकर वहां के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण दे रहे हैं। साथ ही सार्क देशों को भी न्योता भेजा गया है। शनिवार को कैबिनेट की बैठक के बाद संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने बताया था कि विभागीय सचिव के जरिये सार्क देशों को उनके दूतावास के माध्यम से न्योता दिया गया है। नेपाल और बंगलादेश ने आयोजन में शामिल होने की सहमति भी दे दी है। उन्होंने सार्क देशों में शामिल पाकिस्तान को भी न्योता दिए जाने की बात कही थी।

# साहब ! मैं पढ़ना चाहती हूं मुझे मनचलों से बचा लो

**जागरण संवाददाता, ऊधमसिंह नगर** : मनचले युवकों द्वारा लगातार की जा रही छेड़छाड़ और अश्लीलता से घबराई छात्रा का पेपर छूट गया। इसके बाद उसने स्वजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। पीड़िता ने कोतवाल से कहा कि साहब मैं पढ़ना चाहती हूं, मुझे मनचलों से बचा लो। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मानपुर रोड निवासी एक छात्रा काशीपुर स्थित एक कालेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। छात्रा ने पुलिस से शिकायत की कि कॉलेज से घर जाते समय रामनगर रोड के ग्राम रम्पुरा के हरविंदर, शिंदर, नीटू और बंटी उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। 13 नवंबर को भी चारों युवकों ने उसके साथ बदतमीजी की। इस वजह से इतना डर गई कि 16 नवंबर को पेपर देने नहीं गई, उस दिन उसका हिंदी का पेपर था। उसने बताया कि 17 नवंबर को उसके माता-पिता आरोपितों के गांव जाकर उनके परिवार वालों को समझाने गए तो उनके साथ गांव के दो लोगों ने मारपीट कर दी, हथियार का डर दिखाया। इतना ही नहीं, इसके बाद उल्टा, आरोपित उनकी शिकायत करने थाने पहुंच गए।

रविवार को कोतवाली पहुंची पीड़िता ने पुलिस ने कहा वह पढ़ना चाहती है। उसके माता-पिता उसे पढ़ा लिखाकर अफसर बनाना चाहते हैं, लेकिन मनचले कई दिनों से उसके पीछे पड़े हैं, उससे छेड़छाड़ करते हैं। आप मुझे इन मनचलों से बचा लो। पुलिस ने आरोपित हरविंदर, शिंदर, नीटू और बंटी, प्रेमो व गगन कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।